

## 17 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध हालत में मौत

- परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाए गंभीर आरोप
- पहले प्रेग्नेंट फिर ट्यूमर बताया



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 मार्च. एमपी नगर इलाके में रहने वाली एक 17 वर्षीय छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है.**

परिजनों ने बेटी की मौत डॉक्टरों पर आरोप लगाया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक छात्रा 12वीं कक्षा की स्टूडेंट थी. 2 मार्च को छात्रा की तबीयत अचानक से खराब हो गई. परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने छात्रा के प्रेग्नेंट होने की बात कही. छात्रा के परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों की इस बात से उनकी बेटी तनाव में आ गई. इलाज के दौरान सोनोग्राफी सहित अन्य जांच की रिपोर्ट आने पर छात्रा के पेट में ट्यूमर होने की जानकारी सामने आई. हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. एमपीनगर थाना पुलिस मामले में दुष्कर्म का केस दर्ज करते हुए जांच कर रही थी. छात्रा की मौत के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** कोलार इलाके में रहने वाली एक 16 साल की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है. जानकारी के मुताबिक पीड़िता 10 वीं कक्षा में पढ़ती है. आरोपी युवक से पीड़िता की मुलाकात करीब 6 महीने पहले हुई थी. पीड़िता बीते बुधवार को होली के दिन संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई. परिजनों ने जब लड़की की तलाश शुरू की तो सूचना मिली कि वह आरोपी करण पिपलोटे के घर ललिता नगर में है. नाबालिग के परिजनों की शिकायत पर करण के घर पहुंचकर पुलिस ने छात्रा की तलाशा. हाल ही में पीड़ित छात्रा ने अपनी मां को बताया कि आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया है. रविवार को छात्रा की मां उसे साथ लेकर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने आरोपी करण के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर, उसे गिरफ्तार किया है. कोलार पुलिस पूर मामले की जांच करने में जुटी है.

## रिश्वत लेते महिला कर्मचारी गिरफ्तार

**लोकायुक्त पुलिस ने की कार्रवाई**



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 मार्च. लोकायुक्त ने लोक निर्माण विभाग में पदस्थ एक महिला कर्मचारी को रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है. आरोप है कि स्थापना शाखा में पदस्थ महिला कर्मचारी ने 6 हजार रुपये रिश्वत के तौर पर मांगा था.**

विभाग में एक कर्मचारी का आगामी महीने में रिटायरमेंट होना है. इसके लिए कागजी कार्रवाई को लेकर रकम मांगने का आरोप महिला कर्मचारी पर है.

लोक निर्माण विभाग संभाग-1 में फरियादी कार्तिकचंद्र सरकार वायरमैन के पद पर काम करते हैं. अगस्त महीने में कार्तिकचंद्र का रिटायरमेंट है. इसको लेकर वह कागजी कार्रवाई को भी दुरूस्त कराने में जुटे हैं. इस दौरान विभागीय शाखा में पदस्थ महिला कर्मचारी अर्शी खान ने फरियादी से 6 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की. फरियादी ने मामले की सूचना लोकायुक्त पुलिस को दी. पहली किस्त के तौर पर अर्शी खान को जब कार्तिकचंद्र ने ढाई हजार रुपये देने पहुंचे तो लोकायुक्त की टीम ने मौके पर पहुंचकर अर्शी खान को गिरफ्तार कर लिया.

### एक नजर में

#### जांच के लिए 196 जल के नमूने एकत्र किए

**भोपाल.** नगर निगम भोपाल द्वारा शहर के नागरिकों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने हेतु पानी की गुणवत्ता की जांच, लीकेज सुधार एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण संबंधी कार्रवाई निरंतर जारी है. इसी तारतम्य में निगम अमले ने सोमवार को विभिन्न झुग्गी बस्तियों सहित संपूर्ण शहर से जल के परीक्षण के लिए कुल 196 स्थानों से जल के नमूने लिये गये. निगम द्वारा 08 परीक्षण शालाओं के माध्यम से जल का परीक्षण किया जा रहा है. निगम अमले ने 31 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज सुधारे और सीएम हेल्पलाईन एवं महापौर हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों में से 07 शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण ढंग से निराकरण किया गया.

#### बोर्ड ऑफिस-ज्योति टॉकीज के बीच मार्ग परिवर्तन

**भोपाल, 9 मार्च.** नगरीय यातायात पुलिस ने ज्योति टॉकीज के पास धंसी सड़क की मरम्मत कार्य होने से मार्ग परिवर्तित के निर्देश जारी किए हैं. निर्देश के अनुसार कार्यपालन यंत्री लोनिवि संधारण संभाग क्र-2 भोपाल द्वारा पत्र के अनुसार मरम्मत कार्य करने की सूचना प्राप्त हुई है. कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था परिवर्तित रहेगा. बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज की ओर जाने वाले चार पहिया, भारी एवं सवारी वाहन का मार्ग परिवर्तित रहेगा. ये वाहन बोर्ड आफिस से डीबी माल के सामने से दाहिने मुड़कर ढड्‌डाराम काम्पलेक्स मार्ग से होकर ज्योति टॉकीज की ओर आवागमन कर सकते है.

#### घायल कर्मचारी के मामले में होगी विभागीय जांच

**भोपाल.** नगर निगम के भदभदा गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर हादसे के दौरान घायल हुए कर्मचारी के मामले में विभागीय जांच की गई. निगम की तरफ से जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि बीते शनिवार को कचरा वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने व अन्य वाहन के चालक के घायल होने की जांच निगम प्रशासन द्वारा कराई गईहै, जिसमें जोन क्र. 21 के कचरा वाहन चालक की कचरा ट्रांसफर स्टेशन में प्रवेश के समय अचानक तबियत खराब होने एवं चक्कर आने के कारण वाहन चालक अपने वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और अनियंत्रित कचरा वाहन से जोन क्र. 08 के कचरा वाहन चालक के पैर में टक्कर लग गई थी.

## 57 श्वानों को नसबंदी केंद्रों में भेजा

### नगर निगम के अमले ने की कार्रवाई



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 मार्च. नगर निगम द्वारा आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी व एंटीरैबीज टीकाकरण की कार्रवाई निरंतर की जा रही है.**

कार्रवाई के इसी क्रम में निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 57 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा. निगम अमले ने नसबंदी उपरांत 45 श्वानों को वापस उसी स्थान पर छोड़ा. निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने सोमवार को विभिन्न जोन क्षेत्रों में आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्रवाई करते हुए 16 श्वानों को कजलीखेड़ा स्थित एबीसी सेंटर भेजा जबकि 15 श्वानों को आदमपुर तथा 26 श्वानों को अरवलिया एबीसी सेंटर भेजने की कार्रवाई की. निगम के डाग स्क्वाड द्वारा आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी.

## नर्स ने पति पर किया ब्लेड से हमला, मामला दर्ज

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 मार्च. पिपलानी थाना इलाके में एक नर्स ने अपने पति पर ब्लेड और कांच की बोतल से जानलेवा हमला कर दिया. यह हमला तब हुआ, जब दंपति एक होटल में ठहरे थे और खाने की बात पर विवाद हो गया.**

घायल पति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है. मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नर्स के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है. 30 वर्षीय घायल युवक गोपाल नगर पिपलानी में रहता है और पुणे में मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब करता है. युवक की शादी शाजापुर की रहने वाली युवती से करीब एक साल पहले हुई थी और वह एक अस्पताल में नर्स है. शनिवार को नर्स अपने पति से मिलने के लिए भोपाल आई थी और पिपलानी इलाके में एक होटल में ठहरी थी. देर रात को पति के होटल में आने पर जब उसने खाने का आर्डर किया तो उसके पति ने बताया कि वह घर से ही खाना खाकर आया है और दवाएं भी खाई है. आरोप है कि इस बात से नाराज नर्स ने अपने पति पर होटल में रखी ब्लेड और कांच की बोतल से हमला कर दिया था.




मार्च में शामिल खटीक समाज और हिन्दू संगठनों के लोग.

## दलित युवक की निर्मम हत्या पर निकाला कैंडल मार्च

**भोपाल, 09 मार्च. दिल्ली के उत्तम नगर में होली के पर्व पर दलित समाज के 26 वर्षीय तरुण खटीक की कथित तौर पर 40 से 50 लोगों द्वारा निर्मम हत्या कर दी. इस घटना से भोपाल सहित पूरे खटीक एवं हिन्दू समुदाय में गहरा आक्रोश है.**

इस घटना को लेकर सोमवार को खटीक समाज एवं अन्य हिन्दू संगठनों ने भोपाल के श्री कालका मंदिर, कालीघाट में कैंडल मार्च एवं आक्रोश सभा का आयोजन किया. साथ ही दोषियों को शीघ्र फांसी देने तथा उनके विरुद्ध एनकाउंटर की कार्रवाई करने की मांग की गई.

संगठनों के अध्यक्षों एवं साधु संतों ने कहा कि यह केवल एक व्यक्तिगत हत्या नहीं है, बल्कि समाज में उत्पन्न हो रहे अपराध, सामाजिक असमानता और जातिगत भेदभाव की गंभीर चेतावनी है. इस घटना ने केवल पीड़ित परिवार को ही नहीं, बल्कि पूरे समुदाय को भय, असुरक्षा और आक्रोश की भावना में डुबो दिया है. यह घटना समाज की समानता, न्याय और सुरक्षा की नींव पर सीधे प्रहार है. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दोषियों को समय पर दंडित नहीं किया गया, तो इससे समाज में अराजकता, कानून की अवहेलना और सामाजिक द्वेष बढ़ सकता है. उन्होंने प्रशासन से अपील की कि केवल कागजी कार्रवाई न हो, बल्कि सख्त और निर्णायक कदम उठाए जाएं, जिससे अपराधियों को स्पष्ट संदेश मिले कि समाज में इस तरह की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

इस अवसर पर खटीक समाज महासभा के अध्यक्ष सन्नी खटीक राजौरे, खटीक समाज महासभा के सचिव नितिन खटीक, हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, भारतीय जनता पार्टी पूर्व जिला अध्यक्ष विकास विरानी, भाजपा नेत्री नेहा बग्गा, बजरंग हमाल श्रमिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष बालिस्ता रावत, जय मां भवानी संगठन के महंत, महंत अनिला नंद जी, भाजपा नेता विजय गुप्ता, विकास मिश्रा, छाया खटीक, शरण खटीक, रोहित खटीक, शुभम खटीक. सुमित सेजबार सहित बड़ी संख्या में खटीक समाज, साधु संत, एवं हिन्दू संगठनों ने दोषियों को शीघ्र दंडित करने की मांग की.

## बिना पंजीयन चल रहे डॉ. बत्रा क्लीनिक को किया बंद

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 मार्च. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल कार्यालय की टीम द्वारा एमपी नगर क्षेत्र में चल रहे डॉ. बत्रा होम्योपैथिक क्लीनिक (हेयर एंड स्किन) को बंद कराया.**

जांच के दौरान क्लीनिक में सीएमएचओ कार्यालय द्वारा जारी पंजीयन और लाइसेंस नहीं मिलने पर ये कार्यवाही की गई है. निरीक्षण दल द्वारा क्लीनिक संचालक को मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के प्रावधान अनुसार क्लीनिक का पंजीयन करवाए बिना संचालन न करने की हिदायत दी गई है. स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निजी अस्पतालों और क्लीनिक्स की जांच निरंतर की जा रही है. विगत दिनों भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने भी बिना पंजीयन संचालित क्लिनिक्स की जांच करने के निर्देश दिए थे. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनीष शर्मा ने बताया कि कुछ अन्य क्लीनिक्स के विरुद्ध भी एक्शन लिया जाएगा.

## 3 मंजिला मकान में लगी आग



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 मार्च.** बाग उमराव दूल्हा इलाके में स्थित एक मकान में सोमवार को आग लग गई. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची ऐशबाग थाना पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम ने कार्रवाई शुरू की. कई दमकलों से पानी लाकर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका.

हादसे में किसी भी व्यक्ति के झुलसने की जानकारी सामने नहीं आई है. जानकारी के मुताबिक दोपहर के समय तीन मंजिला मकान की छत पर आग लगने की सूचना मिली. सकरे रास्ते होने के चलते दमकलों को मौके पर पहुंचने में समय लगा. घटना स्थल पर आग लगने से करीब 12 फीट तक धुआं देर तक उड़ता रहा. इससे रहवासी इलाके में दहशत का महौल भी बन गया. फायर बिग्रेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. आग लगने की घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है.



**मांगों को लेकर प्रदर्शन**

**भोपाल.** राजधानी में आशा ऊषा संगठन ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया.

## 25 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस भेजा

- हाका पार्टी ने 20 पशुओं को सड़कों से हटाया



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 मार्च. नगर निगम के गौवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वतंत्र विचरण करने वाले 25 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में भेजा व हाका पार्टी ने 20 पशुओं को सड़कों से हटाया तथा 20 पशुओं को गौशाला भेजने की कार्रवाई की.**

निगम की गोवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने शहर के अरेरा हिल्स, मंत्रालय, कमला पार्क, स्मार्ट रोड, प्रेमपुरा रोड, सूरज नगर, नीलबड़, 13 शटर रोड, रतनपुर सड़क, प्रियंका नगर, 210 क्वार्ट्स, रोशनपुरा चौराहा, माता मंदिर, लिंक रोड नंबर 03, बिट्टन मार्केट, शाहपुरा ए-सेक्टर, गुलमोहर, चूना भट्टी, कोलार रोड, करोंद, भानपुर, अयोध्या नगर, लहारपुर, बाग मुगालिया आदि क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे 25 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में भेजने की कार्यवाही की. निगम की हाका पार्टी के दल ने भी विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों पर स्वतंत्र रूप से विचरण कर रहे 20 पशुओं को हांककर सड़कों से हटाया तथा 20 पशुओं को खजूरी कांजी हाउस से हरिकृष्णा गोपाल गौशाला भेजने की कार्रवाई की.

**समय-सीमा बैठक** जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने दिए निर्देश

## जल गंगा संवर्धन की कार्य योजना बनाकर करें प्रस्तुत

**भोपाल, 9 मार्च. जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने समय-सीमा बैठक में वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत हक प्रमाण पत्र धारकों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित करने के लिए भोपाल जिले के बैरसिया एवं हुजूर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में पात्र हितग्राहियों के चिन्हांकन के लिए सर्वे दलों का गठन कर सर्वे कराए एवं आधारभूत जानकारी ग्राम पंचायत स्तर एवं जनपद स्तर पर प्रपत्र के रूप में संधारित करें.**



तत्पश्चात जिन हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के लिए चिन्हांकित किया जाए, उन्हें यथा संभव संकल्प से समाधान अंतर्गत नियत समय सीमा में लाभांवित किया जाना सुनिश्चित करें. बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत भोपाल जिले में किए जाने वाले कार्यों के विभागवार सूची एवं कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करें. 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में विगत वर्ष किए कार्यों का जीआईएस एवं सिपरी सॉफ्टवेयर के अनुसार रिपोर्ट प्रस्तुत करें एवं इस वर्ष भोपाल जिले की जल संरचना एवं संवर्धन के लिए सभी विभाग जीआईएस सिपरी के माध्यम से ही जगह का चिन्हांकन करें. पंचायत एवं ग्रामीण विकास के द्वारा भोपाल जिले की जनपद फंदा एवं बैरसिया के कुल 483 ग्रामों में सिंचाई के लिए तालाब, नहर, कुएं एवं सिंचाई की लघु परियोजना सहित जिले में 666 खेत तालाब, 691 कूप रिचार्ज, 6 अमृत सरोवर सहित 472 अलग - अलग जल सरंचनाएं शामिल हैं. इसके साथ ही जल संसाधन, वन, कृषि, उद्यानिकी, नगर निगम एवं अन्य विभागों के द्वारा भी वृहद स्तर पर जल गंगा संवर्धन अभियान में कार्य किये जाएंगे.

इस अवसर पर बैठक में एडीएम प्रकाश नायक, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

बैठक में अपर कलेक्टर पांडेय ने सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन और सीएम डैशबोर्ड पर लंबित शिकायतों के समयबद्ध और संतोषजनक निराकरण पर विशेष जोर दिया. उन्होंने निर्देश दिए इसके साथ ही अपर कलेक्टर पांडेय ने नामांतरण, बंटवारा, समग्र ई-केवाईसी, फॉर्मर रजिस्ट्री और कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के कृषि एवं कृषि आधारित बिन्दुओं पर कार्रवाई करने, संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत, क्लस्टर वाइस शिविरों का आयोजन कर, हितग्राहियों को लाभांवित करने एवं अधिक से अधिक आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए.

## युवती की कार पर रंग में एसिड मिलाकर फेंका

**पुलिस ने दर्ज किया मामला**



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 मार्च. ऐशबाग थाना इलाके में एक युवती की कार पर रंग में एसिड मिलाकर फेंकने का मामला सामने आया है. एसिड के प्रभाव से कार के पेंट पर भी असर देखा गया. मामले में युवती की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरू कर दी है.**

मिली जानकारी के मुताबिक अभिरूचि परिसर में रंगपंचमी के मौके पर कुछ अराजक तत्वों ने निजी कंपनी में काम करने वाली 24 वर्षीय युवती की कार पर एसिड फेंक दिया. यह घटना तब हुई, जब युवती ने पर्व के मौके पर कार अपने घर के बाहर ही पार्क की थी. देर शाम को जब वह कार के पास गई तो उस पर पड़े रंग और पेंट का कलर उड़ा दिखाई दिया. युवती का आरोप है कि उनकी कार पर एसिड फेंका गया. घटना से आहत युवती ने ऐशबाग थाने पुहंचकर मामले की शिकायत की. पुलिस ने युवती के बयान के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है. घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस खंगाल रही है.